# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 05 अगस्त, 2025** **थाना पहासू**

## हत्या की घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जें से आलाकत्ल 01 हथौडा बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 05.08.2025 को वादिया श्रीमति सोनिका ने थाना पहासू पर तहरीर दी कि उसकी माता यशपाली के सिर पर उसके पिता समय सिंह द्वारा किसी चीज से चोट मार दी जिससे उसकी माता की मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना पहासू पर मुअसं 255/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम समय सिंह पंजीकृत किया गया।

उक्त के क्रम में आज दिनांक 05.08.2025 को थाना पहासू पुलिस द्वारा अभियुक्त को ग्राम बरौला ट्यूवैल के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशांदेही पर आलाकत्ल हथौडा बरामद किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना पहासू पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- समय सिंह पुत्र मथन सिंह निवासी ग्राम बरौला थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर

**बरामदगी-**

1. 01 हथौडा (आलाकत्ल)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री अशोक कुमार सिंह थानाध्यक्ष थाना पहासू
2. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह बालियान,उ0नि0 महक सिंह बालियान
3. का0 धर्मेन्द्र सिंह,का0 लोकेश कुमार



**मीडिया सेल बुलंदशहर**